**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 14.05.2024** **समय 18.30**

- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में नामांकन भरने का काम पूरा–प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से पर्चा भरा।**
- **निर्वाचन आयोग ने कहा– लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कल 67 दशमलव सात–एक प्रतिशत मतदान दर्ज।**
- **प्रदेश में चिकित्सा विभाग मच्छरजनित मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग एप के जरिये करेगा।**
- **प्रदेश में कई स्थानों पर आज भी आंधी–बारिश–मौसम विभाग ने 16 मई से गर्मी बढ़ने की संभावना जताई।**

000

लोकसभा चुनाव के लिये सातवें चरण में नामांकन भरने का काम आज पूरा हो गया। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन भरा। वाराणसी में सातवें और अंतिम चरण में चुनाव होगा। इस अवसर पर एन.डी.ए के नेता चन्द्राबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे, जीतनराम मांझी, संजय निषाद, रामदास अठावले, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, राजनाथ सिंह और हरदीप सिंह पुरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

000

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कल हुए लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 67 दशमलव सात–एक प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इस चरण में कल नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले गए थे। लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए आंध्र प्रदेश में कराए गए चुनाव में मतदान 78 दशमलव दो–पांच प्रतिशत दर्ज किया गया। चौथे चरण में कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। श्रीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 37 दशमलव नौ–आठ दर्ज किया गया। यह प्रतिशत कई दशकों में सबसे अधिक है। चौथे चरण के साथ ही 23 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों तथा 379 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न हो चुका है।

000

देशभर में साइबर फ्रॉड के जरिये ब्लैकमेलिंग, और डिजीटल अरैस्ट के मामले बड़ी संख्या में रिपोर्ट होने के बाद गृह मंत्रालय ने एक हजार से ज्यादा स्काइप आईडीज को ब्लॉक कर दिया है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिये मंत्रालय का इण्डियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर अन्य ऐजेन्सियों के साथ तालमेल रखते हुए काम कर रहा है। केन्द्र की ओर से साइबर अपराधों में लिप्त मोबाइल फोन्स के सिम कार्ड को भी ब्लॉक किया जा रहा है। मंत्रालय ने लोगों को ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सतर्कता बरतने को कहा है।

000

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय, दिल्ली क्राइम ब्रांच और हनुमानगढ़ जिले की डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई में दिल्ली के अलीपुर में 22 अप्रैल को नरेन्द्र मलिक हत्याकाण्ड में शामिल बदमाश सागर उर्फ शंकर को मुठभेड़ के बाद पकड़ लिया गया। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि हनुमानगढ एसपी विकास सांगवान को वांछित अपराधी सागर की पहचान और रूकने के स्थान के बारे में सूचना दी गई थी। इसके बाद एजीटीएफ राजस्थान दिल्ली क्राइम ब्रांच और एनडीआर तथा हनुमानगढ़ की डीएसटी द्वारा थाना टिब्बी के साबूआना में बदमाश सागर को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली पैर में लगने से मुल्जिम सागर घायल हो गया। टीम ने उसे घेर कर दबोच लिया। आरोपी को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय हनुमानगढ़ में भर्ती करवाया गया है।

000

कोटा रेल्वे स्टेशन से बच्चा चोरी मामले में पुलिस ने कारवाई करते हुए एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा गैंग के साथ जुड़े हुए हैं, आरोपी बच्चों को मदारी का खेल दिखाकर अपने मंसूबों को अंजाम दिया करते थे। अपहरण का उद्धेश्य बच्चों से मदारी के खेल के जरिये मजदूरी करवाने का होता था। एडीजी अनिल पालिवाल ने बताया कि कारवाई मे 10 साल पहले अपहत्त एक और बालक को भी दस्तयाब किया गया है।

000

झुन्झुनू के सूरजगढ के पास स्यालू कलां गांव में आज सेना के जवान नंदू सिंह को नम आंखों से विदाई दी गई। नन्दू सिंह के अंतिम संस्कार में बडी संख्या में युवा तिरंगा लेकर शामिल हुए। इस मौके पर सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि नन्दू सिंह 8 मई को लेह–लद्दाख में गोला बारूद डिपो में बम विस्फोट में घायल हो गये थे जिसके बाद कल अस्पताल में उनका निधन हो गया।

000

प्रदेश में मच्छरजनित मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग के लिये चिकित्सा विभाग ने नवाचार किया है। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मच्छरजनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगी, चिकनगुनिया जुलाई–अगस्त से लेकर अक्टूबर–नवम्बर तक ज्यादा फैलता है। केन्द्र सरकार ने इस साल डेंगी रोग के अधिक प्रसार की आशंका व्यक्त की है। इसे देखते हुए विभाग सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित कर रहा है।

श्रीमती सिंह ने बताया कि इस बार चिकित्सा विभाग ओडीके एप के जरिये मच्छरजनित बीमारियों की ऑनलाईन मॉनिटरिंग करेगा। एप के माध्यम से मच्छर के प्रजनन स्थलों तथा लार्वा पाये जाने वाले स्थानों की फोटो लेकर स्वायत्त शासन विभाग और पंचायती राज विभाग को भेजे जाएंगे। फोटो मिलने के बाद संबंधित विभाग उन स्थानों पर एंटी लार्वा और मच्छर रोधी अभियान चलाकर बीमारियों पर नियंत्रण का काम करेंगे।

000

चिकित्सा विभाग में स्वेच्छा से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बिना सूचना के लम्बे समय से अनुपस्थित चल रहे कार्मिकों के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए इनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे कार्मिकों को 3 दिन में कार्य पर उपस्थित होने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

000

राज्य में कई स्थानों पर आंधी–बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 30 मिलीमीटर बरसात बांसवाड़ा के सज्जनगढ़ में रिकॉर्ड की गई। चित्तौड, सवाईमाधोपुर, दौसा, भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, बाड़मेर, जालौर जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हई। बाडमेर, सवाईमाधोपुर में आज भी दोपहर बाद मौसम बदला और आंधी चली। इन स्थानों के अलावा प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे रहे। जालौर सबसे गर्म स्थान रहा, जहां पारा 45 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

--------------------

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सैल्सियस के बीच चल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम ने बताया कि 16 मई से प्रदेश में गर्मी में बढोतरी के आसार हैं।

000

सवाईमाधोपुर जिले में आगामी मानसून सीजन में सघन वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा। वन विभाग इसके लिये अलग–अलग क्षेत्रों में पौध तैयार करने में जुटा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

000

केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान, जयपुर की ओर से आयोजित दो दिन की हिन्दी कार्यशाला आज से शुरू हुई। इसमें केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के अन्तर्गत विभिन्न संस्थान और इकाइयों के अधिकारी तथा कर्मचारी भाग ले रहे हैं। कार्यशालाका शुभारंभ परिषद् के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने किया। इस अवसर पर उन्होंने ''राजभाषा सहायिका'' पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रेरित किया गया।

000

पाली के सिरियारी क्षेत्र के गुड़ा चतरा गांव में खेत में करंट लगने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। ये हादसा खेत में झूलते तार के पेड़ से छू जाने से हुआ जिससे मां–बेटी करंट की चपेट में आ गई और उनकी मृत्यु हो गई। हादसे में एक व्यक्ति झुलस गया।

000

पाली पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में ऑनलाइन सट्टा कारोबार का खुलासा करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। अजमेर के रहने वाले दोनों सटोरिए पाली के नया बस स्टैंड स्थित एक होटल से सट्टा बुक कर रहे थे। पुलिस ने इनके पास से 35 लाख रूपये का हिसाब–किताब भी बरामद किया है।

000